विषय कोड :
**Subject Code :** 106/125/206/224/306/331

# CLASS-XI HALF-YEARLY EXAMINATION, DECEMBER - 2025

# कक्षा - XI अर्द्धवार्षिक परीक्षा, दिसम्बर - 2025

## HINDI ( Compulsory )

## हिन्दी ( अनिवार्य )

### I.Sc., I.Com. & I.A.

कुल प्रश्न : 80 + 25 + 8 = 113 | कुल मुद्रित पृष्ठ : 32

**Total Questions : 80 + 25 + 8 = 113** | **Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे) | ( पूर्णांक : 100 )

[ Time : 3 Hours ] | [ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।***
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
4. ***खण्ड-अ*** *मे 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से* ***किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*** *पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन* ***किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक*** *निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये* ***OMR*** *उत्तर पत्रक में दिये गये सही*



XI HINDI

विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

5. **खण्ड - ब में 25 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं** । प्रत्येक के लिए **2 अंक** निर्धारित है, जिनमें से **किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है** । इनके अतिरिक्त इस खण्ड में **8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं,** प्रत्येक के लिए **5 अंक** निर्धारित है, जिनमें से **किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**

6. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।

CLASS-XI

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 80 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. निम्नलिखित में से 'गोदान' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(A) फणीश्वरनाथ रेणु (B) मेहरुन्निसा परवेज

(C) हरिशंकर परसाई (D) प्रेमचंद

CLASS-XI

2. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार कवि लोग वीर और पराक्रमी के लिए किस उपमा का उल्लेख किया करते हैं ?

(A) शृगाल (B) सिंह

(C) मीन (D) खंजन

3. हिन्दी के किस प्रसिद्ध कथाकार और लेखक ने 'माझा प्रवास' शीर्षक ग्रंथ का प्रामाणिक भाषांतर 'आँखों देखा गदर' नाम से किया था ?

(A) प्रेमचंद ने

(B) कृष्णा सोबती ने

(C) फणीश्वरनाथ रेणु ने

(D) अमृतलाल नागर ने

4. लेखक कुमार गंधर्व के अनुसार गाने का ऐसा अंदाज, जो एक आम आदमी को भी भावविभोर कर दे, क्या कहलाता है ?

(A) गानपन (B) ध्वनिमुद्रिका

(C) स्वर मालिकाएँ (D) मालकोस

CLASS-XI

5. लेखक सत्यजित राय के अनुसार निम्नलिखित में से कौन पूर्णतया यंत्र युग की भाषा है ?

(A) नाटक (B) उपन्यास

(C) चलचित्र (D) चित्रकारी

6. निम्नलिखित में से कौन मार्च 1968 से जनवरी 1972 तक की अवधि में तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री बने ?

(A) भोला पासवान शास्त्री

(B) श्रीकृष्ण सिंह

(C) दीपनारायण सिंह

(D) नीतीश कुमार

7. कवि विद्यापति रचित किस रचना में राधा-कृष्ण के गहन प्रेम के अनेक पक्षों की रूप-रस से परिपूर्ण छटाएँ हैं ?

(A) 'पुरुष परीक्षा' में (B) 'कीर्तिलता' में

(C) 'पदावली' में (D) 'भू-परिक्रमा' में

CLASS-XI

8. कवि कबीर के अनुसार सच बोलने पर संसार किसको मारने दौड़ता है ?

(A) गुरु को
(B) चेला को
(C) शैतान को
(D) कबीर को

9. कवयित्री मीराबाई किसकी उपासिका थीं ?

(A) शिव
(B) राम
(C) कृष्ण
(D) गणेश

10. संत चरनदास किसके गुरु थे ?

(A) मीराबाई के
(B) कबीरदास के
(C) सहजोबाई के
(D) विद्यापति के

11. 'भारत-दुर्दशा' शीर्षक कविता में शाक्य शब्द किसका सूचक है ?

(A) युधिष्ठिर का
(B) अर्जुन का
(C) राम का
(D) गौतम बुद्ध का

CLASS-XI

12. 'झंकार' शीर्षक कविता में कवि ने अपने शरीर को किसके समान बतलाया है ?

(A) तंत्री के तार के समान

(B) मंदिर के समान

(C) परमात्मा के समान

(D) घड़ा के समान

13. 'पागल की डायरी' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) कृष्ण कुमार

(B) न्गूयेन क्वांग थान

(C) लू शुन

(D) सआदत हसन मंटो

14. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी में यह किसका कथन है – ''तकदीर की खूबी है ! मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें'' ?

(A) मुन्नी का

(B) हल्कू का

(C) सहना का

(D) समर्पि का

15. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी में कर्त्तव्य किसके हृदय में अरमान की भाँति उछल रहा था ?

(A) हल्कू के (B) जबरा के

(C) सहना के (D) मुन्नी के

16. निम्नलिखित में से कौन हिन्दी साहित्य के महान आलोचक, इतिहासकार, निबंधकार और लेखक थे ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(B) विष्णुभट गोडसे वरसईकर

(C) कृष्ण कुमार

(D) कुमार गंधर्व

17. 'कविता की परख' शीर्षक पाठ के अनुसार किसने श्रीकृष्ण के अंग-प्रत्यंग का जो वर्णन किया है उसे पढ़कर या सुनकर मन सौंदर्य की भावना में लीन हो जाता है ?

(A) तुलसीदास ने (B) मीराबाई ने

(C) सहजोबाई ने (D) सूरदास ने

CLASS-XI

CLASS-XI

18. 'आँखों देखा गदर' शीर्षक पाठ के अनुसार झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के घोड़े का रंग क्या था ?

(A) काला (B) भूरा

(C) सफेद (D) स्लेटी

19. 'आँखों देखा गदर' शीर्षक पाठ के अनुसार ग्वालियर में शिंदे सरकार के आश्रय में जो लड़वैये लोग थे वे किसके साथ चले गए थे ?

(A) रानी लक्ष्मीबाई के साथ

(B) तात्या टोपे के साथ

(C) कप्तान साहब के साथ

(D) नाना साहब के साथ

20. बेजोड़ गायिका : लता मंगेशकर के पिता का नाम है

(A) उमानाथ मंगेशकर (B) द्वारिकानाथ मंगेशकर

(C) रामानाथ मंगेशकर (D) दीनानाथ मंगेशकर

CLASS-XI

21. लेखक कुमार गंधर्व रचित पठित पाठ में लेखक किसके बारे में यह कहते हैं कि - 'ऐसा कलाकार शताब्दियों में शायद एक ही पैदा होता है' ?

(A) अमिताभ बच्चन के

(B) लता मंगेशकर के

(C) राज कपूर के

(D) दीपिका पादुकोण के

22. सत्यजित राय़ ने शांति निकेतन में किसके संसर्ग में ललित कलाओं की शिक्षा प्राप्त की थी ?

(A) रवीन्द्रनाथ के

(B) सुकुमार राय के

(C) योगेन्द्र चौधरी के

(D) अकीरा कुरासावा के

CLASS-XI

23. 'चलचित्र' शीर्षक पाठ के अनुसार आदमी के मुँह से उसके सिर या उससे कम हिस्से को यदि तस्वीर में दिखाना पड़ता है तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) डिजॉल्व (B) बिग क्लोज अप

(C) क्लोज अप (D) मीडियम शॉट

24. 'मेरी वियतनाम यात्रा' शीर्षक पाठ के अनुसार किसने वियतनाम की जनता को गुलामी से मुक्ति दिलाकर सतत् उन्नति की दिशा में अग्रसर करने के लिए मार्गदर्शन किया ?

(A) गुयेन थी हुए ने (B) फाम नहत वुओंग ने

(C) हो-ची-मीन्ह ने (D) ले लोई ने

25. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि वियतनाम में कौन नदी महागंगा के नाम से मशहूर है –

(A) लाल नदी (B) साइगॉन नदी

(C) काली नदी (D) मैकांग नदी

CLASS-XI

26. विद्यापति रचित पठित पद के अनुसार उद्धव कौन हैं ?

(A) विद्यापति के मित्र

(B) कृष्ण के दूत

(C) राधा के भाई

(D) विद्यापति के भाई

27. विद्यापति ने अपने पद में सुंन्दर स्त्री को किसके समान माना है ?

(A) धरती के (B) दुर्गा के

(C) लक्ष्मी के (D) सरस्वती के

28. कबीर हिन्दी साहित्य के इतिहास में किस काल के एक प्रमुख कवि हैं ?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिक काल

CLASS-XI

29. 'बलिया' शब्द का अर्थ है

(A) प्रियतम (B) बर्तन

(C) पत्थर (D) दयालु

30. कवयित्री मीराबाई रचित, पठित पहले पद में उनका किसके प्रति बेपरवाह ऐकांतिक प्रेम व्यंजित हैं ?

(A) राणा भोजराज के प्रति

(B) श्रीराम के प्रति

(C) श्रीकृष्ण के प्रति

(D) मथुरा के प्रति

31. 'तुम मेरे ठाकुर मैं तेरी दासी' में 'ठाकुर' का क्या अर्थ है ?

(A) पर्वतराज (B) स्वामी

(C) रसिक (D) चतुर



[ Continued

32. कवयित्री सहजोबाई किसको ईश्वर के समतुल्य ही नहीं, बल्कि ईश्वर से कहीं अधिक महत्व देती हैं ?

(A) पिता को
(B) माता को
(C) पति को
(D) गुरु को

33. संत कवयित्री सहजोबाई के समय हिन्दी साहित्य के इतिहास का कौन काल चल रहा था ?

(A) आदिकाल
(B) भक्तिकाल
(C) रीतिकाल
(D) आधुनिक काल

34. कवयित्री सहजोबाई के अनुसार श्रीकृष्ण जब चलते हैं तो क्या बजते हैं ?

(A) पैरों के नूपुर
(B) कानों के कुंडल
(C) नाक का बुलाक
(D) मुकुट में लगे लटकन

CLASS-XI

CLASS-XI

35. हिन्दी साहित्य के इतिहास में कौन आधुनिक काल के प्रवर्तक साहित्यकार के रूप में सम्मानित हैं ?

(A) विद्यापति

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

36. 'भारत-दुर्दशा' शीर्षक कविता के अनुसार अंध, पंगु और दीन-हीन होकर कौन बिलख रहे हैं ?

(A) अंग्रेज (B) भारत के लोग

(C) राजा-महाराजा (D) देवता

37. 'भारत-दुर्दशा' शीर्षक कविता के अनुसार भारत की दुर्दशा का प्रधान कारण है

(A) विदेश जाने वाले लोग (B) व्यापारी

(C) गुलामी (D) धरती के देवता

CLASS-XI

38. निम्नलिखित में से कौन आधुनिक भारत के प्रथम राष्ट्रकवि तथा नए भारत में हिन्दी जनता के प्रतिनिधि कवि के रूप में सम्मानित हैं ?

(A) विद्यापति

(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) मैथिलीशरण गुप्त

(D) केदारनाथ सिंह

39. 'झंकार' शीर्षक कविता के अनुसार मनुष्य ईश्वर का क्या है ?

(A) स्वामी (B) वाद्य यन्त्र

(C) रक्षक (D) पोषक

40. 'झंकार' शब्द का अर्थ है

(A) रेशा-रेशा (B) चोट

(C) संपूर्ण (D) संगीतमय ध्वनि

CLASS-XI

41. हिन्दी भाषा की लिपि का क्या नाम है ?

(A) देवनागरी (B) गुरुमुखी

(C) किरिलिक (D) ब्राह्मी

42. निम्नलिखित में से कौन अंतःस्थ व्यंजन है ?

(A) ह (B) द

(C) व (D) ष

43. अनुस्वार और विसर्ग ध्वनियों को क्या कहते हैं ?

(A) प्लुत (B) अंतःस्थ

(C) ऊष्म (D) अयोगवाह

44. हिन्दी में अनुनासिक वर्णों की संख्या है

(A) सात (B) पाँच

(C) छह (D) चार

CLASS-XI

45. निम्नलिखित में से कौन घोष व्यंजन है ?

(A) क (B) श

(C) ज (D) फ

46. 'ऐ' वर्ण का उच्चारण-स्थान है

(A) कंठ्य (B) कंठतालव्य

(C) तालव्य (D) कंठोष्ठ्य

47. 'र' वर्ण का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) दंत्य (B) तालव्य

(C) मूर्द्धन्य (D) ओष्ठ्य

48. जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाती है ?

(A) युग्मक ध्वनि (B) संपृक्त ध्वनि

(C) संयुक्त ध्वनि (D) प्लुत

CLASS-XI

49. शब्द बोलते समय अर्थ या उच्चारण की स्पष्टता के लिए जब हम किसी अक्षर पर विशेष बल देते हैं, तब इस क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) अनुतान (B) बलाघात

(C) संगम (D) वर्तनी

50. निम्नलिखित में किसको सुरलहर कहते हैं ?

(A) संगम (B) कारक

(C) मात्रा (D) अनुतान

51. निम्नलिखित में से कौन स्वर संधि का उदाहरण है ?

(A) दुरात्मा (B) तद्रूप

(C) अन्वय (D) अजंत

52. 'नारायण' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) नर + आयन (B) नारा + यण

(C) नार + आयण (D) नार + अयन

CLASS-XI

53. किस समास में पदों के बीच (-) योजक चिह्न लगाया जाता है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) द्विगु (D) द्वंद्व

54. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) गरूड़ (B) कंकन

(C) आधीन (D) निवृती

55. निम्नलिखित में से कौन अशुद्ध शब्द है ?

(A) फाल्गुन (B) परिणति

(C) अध्ययन (D) गृहस्थ्य

56. जहाँ वाक्य की गति अंतिम रूप ले ले, विचार के तार एकदम टूट जाएँ, वहाँ किस विरामचिह्न का प्रयोग होता है ?

(A) अल्पविराम (B) पूर्णविराम

(C) योजक चिह्न (D) उद्धरण चिह्न

CLASS-XI

57. निम्नलिखित में से कौन व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) प्रोफेसर (B) मित्रता

(C) लोहा (D) दिसम्बर

58. 'गुच्छा' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) द्रव्यवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) समूहवाचक संज्ञा (D) व्यक्तिवाचक संज्ञा

59. निम्नलिखित में से कौन पुंलिंग शब्द है ?

(A) खैरात (B) लगाम

(C) ध्वजा (D) वैभव

60. निम्नलिखित में से कौन स्त्रीलिंग शब्द है ?

(A) गाजर (B) स्वांग

(C) रहम (D) म्यान

CLASS-XI

61. 'लता' शब्द का बहुवचन क्या होता है ?

(A) लते (B) लतो

(C) लतएँ (D) लताओं

62. निम्नलिखित में से कौन करण कारक का उदाहरण है ?

(A) शिकारी ने बाघ मारा ।

(B) वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है ।

(C) पेड़ से फल गिरा ।

(D) बिल्ली छत से कूद पड़ी ।

63. 'लड़के दरवाजे-दरवाजे घूम रहे हैं' - यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है ?

(A) संबंध कारक (B) कर्म कारक

(C) अधिकरण कारक (D) करण कारक

64. वाक्य के प्रत्येक पद को अलग-अलग कर उसका स्वरूप और दूसरे पद से संबंध बताना क्या कहलाता है ?

(A) पद-विच्छेद (B) पद-विग्रह

(C) पद-परिचय (D) पद-प्रभार

65. निम्नलिखित में से कौन मध्यम पुरुष सर्वनाम है ?

(A) मैं (B) हम

(C) वे (D) आप

66. विशेषण से जिस शब्द की विशेषता प्रकट की जाती है उसे क्या कहते हैं ?

(A) विशेषण (B) समास

(C) विशेष्य (D) अव्यय

67. 'वह अतिशय सुन्दर बालक है' - इस वाक्य में प्रविशेषण है

(A) वह (B) अतिशय

(C) सुन्दर (D) बालक

CLASS-XI

CLASS-XI

68. जिस मूल शब्द से क्रिया बनती है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) धातु (B) मात्रा

(C) संगम (D) काल

69. काल के कितने भेद होते हैं ?

(A) पाँच (B) चार

(C) तीन (D) दो

70. ऐसे शब्द को क्या कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन तथा कारक के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता ?

(A) काल (B) संगम

(C) अव्यय (D) धातु

71. 'ठीक, लगभग, करीब' – ये सभी किस निपात से संबंधित हैं ?

(A) तुलनाबोधक (B) अवधारणाबोधक

(C) स्वीकारात्मक (D) बलदायक

CLASS-XI

72. निम्नलिखित में से कौन मिश्र वाक्य का उदाहरण है ?

(A) निर्दय मनुष्य राक्षस के समान है ।

(B) अच्छे छात्र गुरु की आज्ञा मानते हैं ।

(C) जो विद्वान् होते हैं, वे विनयी होते हैं ।

(D) सुबह हुई और भौरे गुनगुनाने लगे ।

73. निम्नलिखित में से कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) हम चाय अभी-अभी पिये हैं ।

(B) शुद्ध गाय की घी दो ।

(C) दिनकर ने 'उर्वशी' लिखा है ।

(D) मैं आपके प्रति श्रद्धा रखता हूँ ।

74. 'आजीवन' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) आ (B) आज

(C) आजी (D) अज

CLASS-XI

75. 'चरण' शब्द में प्रत्यय है

(A) ण (B) अण

(C) रण (D) अन

76. जिस समास में प्रयुक्त शब्दों में कोई भी शब्द प्रधान नहीं होता, अपितु बाहर से ही आकर कोई शब्द प्रधान बन जाता है उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) तत्पुरुष (B) बहुव्रीहि

(C) द्विगु (D) अव्ययीभाव

77. 'जहाँ खाना मुफ्त में बँटता है' – इस वाक्यखंड के लिए एक शब्द है

(A) पारदर्शक (B) उदारमना

(C) सदाव्रत (D) बुभुक्षा

78. 'कटु' शब्द का विपरीतार्थक शब्द क्या होता है ?

(A) अनृत (B) ऊँच

(C) सरल (D) मधु

CLASS-XI

79. निम्नलिखित में से 'देवता' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन है ?

(A) अमर्त्य (B) विभूति

(C) वल्लभ (D) रतीश

80. 'आँख उठाकर न देखना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) मौके पर धोखा देना

(B) शरीर के अंगों को लज्जावश छिपाना

(C) लज्जित होना

(D) उपेक्षा कर देना

**खण्ड – ब**

**विषयनिष्ठ प्रश्न**

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

***प्रश्न संख्या 1 से 25 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है ।***

***15 × 2 = 30***

1. हिन्दी के महान कथाकार प्रेमचंद रचित कुछ उपन्यासों के नाम लिखें ।

2. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी में हल्कू कैसे जान सका कि रात अभी पहर भर बाकी है ?

3. 'कविता की परख' शीर्षक पाठ के अनुसार कविता के क्या उद्देश्य हैं ?

4. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि कविता में उपमा का प्रयोग क्यों किया जाता है ।

5. 'आँखों देखा गदर' शीर्षक पाठ के अनुसार विलायती बहादुर कौन थे ?

6. विष्णुभट गोडसे वरसईकर के अनुसार लक्ष्मीबाई को पहली बार निराशा कब हुई ?

7. शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अंतर है ? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दें ।

8. चलचित्र एक भाषा है । यह भाषा किन दो चीजों के संयोग से बनती है ?

9. 'पथेर पांचाली' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं और इस उपन्यास पर किसके द्वारा फिल्म का निर्माण हुआ है ?

CLASS-XI

CLASS-XI

10. पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि वियतनामी भाषा में 'हांग खोंग' और 'हुअ सेन' का क्या अर्थ है ।

11. लेखक भोला पासवान शास्त्री ने साइकिलों का शहर किसको कहा है ?

12. विद्यापति की नायिका राधा को चंदन भी विषम क्यों महसूस होता है ?

13. विद्यापति विरही नायिका से क्या कहते हैं ?

14. कवि कबीर ने संसार को बौराया हुआ क्यों कहा है ?

15. "बहुत दिनन कै बिछुरै माधौ, मन नहिं बाँधे धीर" – यहाँ 'माधौ' शब्द किसके लिए प्रयुक्त है ?

16. कवयित्री मीराबाई ने कृष्ण के लिए कौन-कौन-सी उपमाएँ दी हैं ?

17. कवयित्री मीरा के कृष्ण कैसे व्यक्ति हैं ?

18. कवयित्री सहजोबाई ने किससे सदा सहायक बने रहने की प्रार्थना की है ?

19. 'पाँच चोर' से कवयित्री सहजोबाई का क्या तात्पर्य है ?

CLASS-XI

20. 'भारत-दुर्दशा' शीर्षक कविता में कवि सभी भारतीयों को किसलिए आमंत्रित करते हैं ?

21. भारतेन्दु हरिश्चंद्र के समय भारत में किन चीजों के कारण अंधेरा छाया था ?

22. कवि मैथिलीशरण गुप्त को आघातों की चिंता क्यों नहीं है ?

23. लेखक लू शुन किसके प्रणेता माने जाते हैं ?

24. उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर स्पष्ट करें ।

25. सर्वनाम के भेदों के नाम लिखें ।

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

***प्रश्न संख्या 26 से 33 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित है ।*** ***$4 \times 5 = 20$***

26. आपके मोहल्ले की नालियों की ठीक से सफ़ाई नहीं हो रही है । इसकी शिकायत करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक आवेदन पत्र लिखें ।

27. 'महँगाई' विषय पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।

28. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"कोकिला का स्वर निरंतर कानों में पड़ने लगे तो कोई भी सुनने वाला उसका अनुकरण करने का प्रयत्न करेगा । यह स्वाभाविक ही है ।"

29. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"ताल ताल भर भाल झुका कर
मोहित हों सब बारंबार
लय बँध जाय और क्रम-क्रम से
सम में समा जाय संसार ।।"

30. चलचित्र निर्माण कार्य को मोटे तौर पर किन पर्यायों में विभक्त किया जाता है ? प्रत्येक का संक्षिप्त परिचय दें ।

31. पठित पद के आधार पर कवयित्री मीराबाई की भक्ति भावना का परिचय अपने शब्दों में दें ।

CLASS-XI

32. 'पूस की रात' शीर्षक कहानी किसान के मजदूर बनने की त्रासदी की ओर संकेत करती है । कहानी के आधार पर स्पष्ट करें ।

33. निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

"साहित्यशास्त्रियों ने मुक्तक को अनिबद्ध या निर्बंध काव्य भी कहा है । एक छंद में किसी भावदशा या विचार विशेष की काव्यात्मक अभिव्यक्ति को मुक्तक कहा जाता है । इसमें कोई कथा नहीं होती । मुक्तक में गेयता, भावात्मकता तथा वैचारिकता के अंतर देखे जाते हैं । इस आधार पर इसके तीन भेद-गीत, प्रगीत और गद्य कविता के रूप में देखे जाते हैं । गीत में भाव तत्व प्रमुख होता है । उसके साथ कल्पना तत्व का संतुलन भी आवश्यक होता है । प्रगीत में वैचारिकता की प्रधानता लिए एक समग्र बिंब प्रस्तुत होता है ।"

CLASS-XI